हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,4 मई 2024

तापमान

अधिकतम 39 .3 डिग्री

न्यूनतम 16 .3 डिग्री



13 70 दिन के बकाया वेतन को लेकर सफाई कर्मचारियों ..





14 65 कर्मचारियों ने किया रक्तदान




## खबर संक्षेप

### केयू एल्युमनी फंड में दी राशि

**कुरुक्षेत्र।** कुवि के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की पूर्व छात्रा रूप राशि व दीपशिखा ने 1.50 लाख रकी राशि व कुवि के एलुमनाई छात्र व एनआईटी पुस्तकालय के पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. कृष्ण गोपाल ने 2 लाख रुपये की राशि कुवि के एलुमनी फंड में दान की है। उन्होंने गुरुवार को 1.50 लाख रुपये व 2 लाख का यह चेक कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के निदेशक प्रोफेसर अनिल मित्तल, प्रो. दिनेश गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनीता दलाल, उप-निदेशक डॉ. कंवल गर्ग व डॉ. सुखविन्द्र सिंह की उपस्थिति में सौंपा।

### हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** नारायणगढ क्षेत्र लोटो चुंगी के पास से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी शुभम उर्फ शैंकी को 22 ग्राम 3 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। उससे 22 ग्राम 3 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 20 ग्राम हेरोइन समेत आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना नग्गल के नडियाली मोड़ के पास से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी जगजीत सिंह उर्फ जग्गी को 20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद नडियाली मोड पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को हेरोइन समेत काबू कर लिया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र से चोरी के मामले में आरोपी अरूण को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 1 दिन के रिमांड पर लिया है। छप्पर बंद मोहल्ला के अश्विनी ने 2 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अप्रैल 2024 को उसके घर से किसी अज्ञात ने दो मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर ली है।

### पानीपत में टैक्सी ड्राइवर को लूटा

पानीपत। पानीपत के मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में आशीष निवासी आठ मरला ने बताया कि एक मई को वह अपनी गाड़ी लेकर दिल्ली गया था। रात करीब 12 बजे वह वापस लौट रहा था, पावर हाउस आठ मरला रेलवे लाइन के पास पहुंचा, तो बाइक सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर उसकी कार, मोबाइल फोन सै, 8280 रुपए लूट कर फरार हो गए।

# इंद्री में बदमाशों ने कैंटर चालक से मारपीट कर छीने तीन लाख

## बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

इंद्री के गांव ब्याना के पास शुक्रवार अल सुबह करीब 4 बजे अज्ञात बदमाशों ने एक कैंटर चालक व क्लीनर के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और दो लाख अठानवे हजार रुपए की नकदी लूट ली। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। सारी वारदात पास में ही लगे सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इंद्री के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती करवा कर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कैंटर चालक धर्मेंद्र ने इंद्री पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह कुरुक्षेत्र की एक फर्म से मोटर लेकर लेकर यूपी के अमरोहा गए थे। वहां पर मोटर देकर हमने दो लाख अठानवे हजार रुपए लिए और वापस कुरुक्षेत्र की ओर चल दिए। जैसे ही हम गांव बयाना के पास पेशाब करने के लिए रुके तो उनके पास एक बाइक व एक छोटा हाथी आकर रुके। जिनमें से तीन युवकों ने आते ही ईंट पत्थरों से कैंटर के शीशे तोड़ दिए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए।

- ईंट पत्थरों से कैंटर के शीशे तोड़ा फिर वारदात को अंजामा दिया



इंद्री के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज करवाते घायल।

### पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला

इस मामले मे इंद्री डीएसपी सुभाष चंद्र का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव ब्याना के पास कैंटर चालक के साथ मारपीट कर पैसे छीनने की वारदात हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वो मौके पर पहुंचे हैं और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें दिखाई दे रहा है कि तीन बाइक सवार युवक आते हैं और उनके साथ एक टेंपो भी आता है ओर उन्होंने कैंटर चालक के साथ काफी देर तक मारपीट की तथा उन्हें गंभीर रूप से घायल कर नकदी लेकर फरार हो गए डीएसपी ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है ओर शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाइकर्स गैंग ने दुकानदार पर हमला कर ढाई लाख लूटे

**अंबाला।** बाइक सवार 3 बदमाशों ने दुकानदार पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद बदमाश उसका कैश वाला बैग छीन कर भाग गए। बैग में करीब अढ़ाई लाख रुपए और दुकान की चाबियां व अन्य सामान था। वारदात रात करीब पौने 9 बजे की है। गांव मटेहड़ी शेखां के गगन नरूला ने बताया कि उसकी नरूला गारमेंट्स नाम से मटेहडी शेखां अड्डे पर दुकान है। वह वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर का भी काम करता है। वीरवार रात करीब पौने 9 बजे अपनी दुकान से लैपटॉप और करीब ढाई लाख कैश लेकर पैदल-पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था। दुकान की चाबियां भी बैग में डाल रखी थी। उसने बताया कि जब वह अपने घर के पास पहुंचा तो बाइक पर 3 बदमाश आए। इससे पहले 2 युवक रेकी करने के लिए पहले खड़े हुए थे। तीनों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। बदमाशों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। एक बदमाश ने लोहे की रॉड उसके सिर व कमर में मारी। 2 बदमाशों ने तलवार से उसकी दोनों बाजू पर कई वार किए। उसने शोर मचाया तो तीनों बदमाश उसका बैग छीन कर बाइक पर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद नग्गल पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए।पुलिस ने बयान दर्ज करने के पश्चात बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।



- तीनों बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे
- हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल

# व्यापारी के भाई की हत्या करने के तीन आरोपी काबू



कुरुक्षेत्र। फिरौती व हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

पुलिस ने व्यापारी से फिरौती मांगने व फिरौती का पैसे ना देने पर घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला करके व्यापारी के भाई की हत्या करने के तीन आरोपियों राजदीप उर्फ राजू पुत्र हरिकेश वासी जाजनपुर जिला कैथल, दीपक उर्फ सहवाग पुत्र राम सिंह वासी ढांड जिला कैथल व अमन पुत्र ओम प्रकाश वासी रूपनगर शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को पुलिस को दिए अपने बयान में सुमीत बंसल उर्फ जुमरण वासी दीवान कालोनी पेहवा ने बताया कि उसका कोल्ड ड्रिंकस और डिस्पोजल का काम है और दिवान कालोनी रोड पर कोल्ड ड्रिंकस की दुकान है। करीब 10 दिन पहले उसके मोबाइल पर फोन आया कि वह हंस बहल बोल रहा है और दिलबाग हेलवा पैसे मांग रहा है। फोन पर दिलबाग हेलवा उससे खर्चा पानी मांगने लगा और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। 26 अप्रैल 24 को वह जितेन्द्र उर्फ चीता वासी सारसा के पास चला गया। रात को करीब 10 बजे जितेन्द्र उर्फ चीता के मोबाइल पर दिलबाग हेलवा का फोन आया और उन दोनों तथा सुमित के परिवार को जान से मारने को धमकी दी। रात को उसके भाई ने फोन पर बताया कि दिलबाग व उसके 8-10 दोस्त दीवार फांदकर उनके घर के अंदर आए और उसके पिता वीरभान, भाई अमित व छोटे भाई शुभम बंसल को जान से मारने की नीयत से चाकुओं से हमला करके घायल कर दिया। पड़ोसियों और दोस्तों ने उसके पिता और भाइयों को ईलाज के लिए एलएनजेपी कुरूक्षेत्र में दाखिल करवाया गया। बाद में अमित को प्राइवेट हस्पताल पंचकूला में दाखिल करवाया। जिसके बयान पर थाना शहर पेहवा में केस दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह को दी गई। 2 मई की रात को व्यापारी के भाई अमित की ईलाज के दौरान मौत हो गई।

- फिरौती नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया था

# साइबर ठगों ने दो महिलाओं से ठगे लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

साइबर ठगों ने अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं से लाखों रुपये ठग लिए। जगाधरी के सेक्टर-17 निवासी शिवानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 अप्रैल को उसने इंस्टाग्राम के डिजाइन मशीन सूंट लाइव पेज पर एक लेडिज सूंट का विज्ञापन देखा था। सूंट का मूल्यि 850 रुपये था। शिवानी ने सूंट को आर्डर करने के लिए कांटेक्ट नंबर पर आर्डर अपने व्हाट्सएप नंबर से कर दिया। जिसके बाद उसके पास मैसेज आया कि डिलवरी का पता भेजें। इसके बाद शिवानी ने अपना डिलीवरी का पता भेज दिया। इसके बाद क्यूआर कोड पर 850 रुपये पे करने के लिए कहा गया। आरोपियों के कहने के बाद उसने पेमेंट कर दी। मगर कुछ देर बाद फिर से उसके पास मैसेज आया कि डिलीवरी चार्ज के लिए सौ रुपये भी उसी स्कैनर पर भेजो। इसके बाद उस द्वारा सौ रुपये भेजे गए तो आरोपियों ने उसे फिर से 950 रुपये एक बार में ही भेजे जाने के लिए कहा गया। सूंट प्राप्त करने के कारण उसने 950 रुपये भेज दिए। उसने आरोप लगाया कि इसके बाद उसके खाता से आठ ट्रांजेक्शनों के माध्यम से आरोपियों ने एक लाख 18 हजार 841 रुपये निकाल लिए। उसने तुरंत आरोपियों से उन द्वारा बताए गए नंबर पर संपर्क किया। मगर आरोपियों ने कोई जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

### क्रेडिट कार्ड पर लेट फीस का जुर्माना बताकर ठगे 43 हजार

शहर की दुर्गा नगर कॉलोनी निवासी सीमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर किसी की कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि उसके क्रेडिट कार्ड लेट फीस का जुर्माना लगा है। जिसे वह स्वयं ही ठीक कर सकती हैं। इस बीच उसके मोबाइल पर एक रुपया कटने का मैसेज आया। इसके कुछ देर बाद फिर उसके फोन पर 2444 रुपये और फिर दूसरी टांजेक्शन 40 हजार 620 रुपये कटने का मैसेज आया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसके फोन को हैक कर लिया। उसने तुरंत पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# पानीपत में पांच राज्यों के ओवर ऐज वाहन इंपाउंड किए जाएंगे

## ट्रैफिक विंग ने अभियान की तैयारी शुरू की, एनसीआर में प्रदूषण फैलाते हैं ओवर ऐज वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में ओवर ऐज हो चुके वाहन को पकड़ने के लिए पानीपत पुलिस विशेष सख्ती अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इन पांच राज्यों के ओवर ऐज वाहन मालिक अब हरियाणा में पानीपत से आगे अपने वाहनों को नहीं ले जा सकेंगे। पानीपत जिले में पेट्रोल से चलने वाले 15 साल और डीजल से चलने वाले 10 साल पुराने वाहनों को जब्त किया जाएगा। इसके लिए पुलिस योजना तैयार कर रही है। वही पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत ने यातायात पुलिस को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें जीटी रोड पर बाबरपुर, सिवाह व समालखा के पास तैनात रहेंगी। स्मरणीय है कि दिल्ली एनसीआर में इस तरह की गाड़ियों पर पाबंदी है। हरियाणा के 14 जिले झज्जर, पलवल, सोनीपत, गुरुग्राम, पानीपत, रोहतक, मेवात, रेवाड़ी, भिवानी, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, करनाल, चरखी दादरी और जींद भी एनसीआर में आते हैं। जिसकी वजह से पानीपत पुलिस इन पर सख्ती करने जा रही है। ओवर ऐज वाहनों को इपाउंड करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के ईस्ट व वेस्ट जोन में भी कार्रवाई करेगी। जबकि पानीपत-हरिद्वार, पानीपत-रोहतक व पानीपत-जींद राज्य मार्ग पर भी पुलिस की टीम तैनात रहेंगी। वही, पुलिस जिले के ऐसे वाहनों के आंकडे जुटा रही है। जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है। दूसरी ओर पुलिस कप्तान अजीत सिंह शेखावत ने ओवर ऐज वाहनों को पकडने के लिए यातायात डीएसपी सुरेश सैनी को इस संबंध में लिखित में आदेश दिए है। वही, पुलिस कप्तान अजीत शेखावत ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में पेट्रोल संचालित वाहन 15 व डीजल संचालित वाहन 10 साल से अधिक अवधि के वाहनों को जब्त किया जाएगा।

- पुलिस की टीमें जीटी रोड पर बाबरपुर, सिवाह व समालखा के पास तैनात रहेंगी

### ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ

दूसरे प्रदेश से जिले में प्रवेश करने वालों वाहनों की भी जांच होगी। नियमों से बाहर मिले वाहनों को जब्त किया जाएगा। इस संबंध में यातायात पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। इस संबंध में यातायात उन्होंने कहा कि नागरिक यातायात के नियमों का पालन जरूर करें, उनकी अनदेखी न करें। उन्होंने जनता से यह भी अपील की है कि यदि कोई भी पटाखा बाइक चालक बुलेट पटाखा बजाता या किसी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगी मिले तो, आप तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं।

# बाइक सवार दो युवकों ने महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** जिले के गांव दयालगढ़ के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला से पर्स व कैरी बैग झपट लिया। महिला के पर्स में 1500 रूपये तथा कैरी बैग में नए कपड़े थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सुघ माजरी निवासी अमरजीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाजार से खरीददारी करके घर लौट रही थी। उसके हाथ में पर्स व कैरी बैग था। जिसमें नए कपड़े थे। जब वह गांव दयालगढ़ के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपियों ने उसके हाथ से पर्स व कैरी बैग झपट लिया और मौके से भाग गए। अमरजीत कौर ने बताया कि उसके पर्स में1500 रूपये तथा कैरी बैग में नए कपड़े थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कार चालक की लापरवाही से हुए हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत

**बराड़ा।** कार चालक की लापरवाही से हुए हादसे में दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत हो गई। सुरजीत सिंह की ओर से पुलिस को मामले की शिकायत दी गई। सुरजीत सिंह ने बताया कि वह गांव मुगलमाजरा जिला कुरूक्षेत्र के रहने वाला है। वह गांव के ही विनोद कुमार, बेटे चेतन कुमार व उसके दोस्त आकाश के साथ दो बाइक पर सवार होकर गए हरिद्धार गए थे। बीते रोज वे वापस लौट रहे थे। चेतन व आकाश आगे-आगे बाईक पर जा रहे थे। वह और विनोद पीछे बाइक पर थे। पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने आकाश व चेतन की बाक को टक्कर मार दी। चेतन कुमार व आकाश बाइक सहित सडक पर गिर गए। उस समय दोनों बेहोश हो गए। उपचार के लिए दोनों को सीएचसी में ले जाया गया। इसके बाद उन्हें एमएम अस्पताल मुलाना में रेफर कर दिया गया। आकाश को तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया लेकिन चेतन को इलाज के लिए दाखिल कर लिया। इलाज के दौरान बाद में उसकी भी मौत हो गई। पुलिस अब कार चालक को तलाश रही है।

- हरिद्वार से लौट रहे थे युवक

# आग ने छीनी गरीब परिवार के सिर से छत

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू में शुक्रवार को विजेंद्र पुत्र दिलीप के घर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण हजारों रुपए का नुकसान हो गया। मकान की छत, मकान में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। गरीब परिवार ने प्रशासन से मदद की अपील की। जानकारी के मुताबिक बिजेंद्र पुत्र दिलीप सिंह मजदूरी का काम करता है। आज भी वह मजदूरी करने गया हुआ था और उसके बच्चे स्कूल गए थे तो शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लग गई। पड़ोसियों ने तब तक आग बुझाई तब तक छत और बैड तथा कपड़े व अन्य सामान जलकर राख हो चुके थे। बिजेंद्र ने बताया कि है वह मजदूर आदमी है बहुत मुश्किल से मकान बनाया था अब उसके सर पर छत नहीं रही। प्रशासन से उम्मीद है कि उसकी मदद की जाएगी। वहीं गांव के समाजसेवी वेद वशिष्ठ ने प्रशासन से मांग की है कि आचार संहिता के बाद मजदूर का मकान का सर्वे कर उसको छत मुहैया करवाई जाए।



पानीपत के गांव बुआना लाखू में आग में जले मकान का दृश्य।

# लावारिस कुत्तों से तरावड़ी शहरवासी परेशान



**तरावड़ी।** तरावड़ी में आजकल आवारा कुत्तों की भरमार है। यह आवारा कुत्ते सडक़ से गुजरते लोगों को काट रहे हैं। लोग बार-बार नगर पालिका जाकर इन कुत्तों से छुटकारा दिलाने की मांग करते हैं लेकिन इसका कोई समाधान नहीं हो रहा है। तरावड़ी निवासी गुलशन वलेचा, सन्नी गर्ग, राजू, कमल गर्ग, ओम प्रकाश, संजय गाबा, सुभाष चंद्र, सुभाष, पवन का कहना है कि पिछले कुछ महीनो में तरावड़ी में कुत्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है इसके चलते हर गली वह चौराहे पर इन कुत्तों का झुंड दिखाई देता है। बाइक सवार को देखकर उन्हें काटने के लिए दौड़ते हैं यही नहीं कई पागल कई कुत्ते तो बाइक सवारों को काट चुके हैं। इस बारे में नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने कहा कि कुत्तों की नसबंदी के लिए करनाल में एक केंद्र बनाया गया है। जैसे ही नसबंदी के लिए तरावड़ी की बारी आएगी तो कुत्तों को वहां ले जाकर नसबंदी करवा देंगे।

## कुवि में विद्यार्थियों को कला से संबंधित बारीकियों की जानकारी देने आए देशभर के 10 कलाकार

# कुवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का भारत के प्रतिष्ठित कलाकारों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को कार्यशाला में विभिन्न कला से संबंधित बारीकियों की जानकारी देने आए देशभर के 10 राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने आज स्थानीय धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन किया। सभी कलाकारों का विधिवत रूप से पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया और धरोहर हरियाणा संग्रहालय में स्थापित हरियाणवी लोक संस्कृति के विषय में जानकारियां दी गई। सभी कलाकारों के लिए यह अत्यधिक प्रभावित करने वाला क्षण था। संग्रहालय के क्यूरेटर प्रो. विवेक चावला ने सभी कलाकारों को हरियाणवी बाखली, लस्सी का स्वाद चखाया जिसकी सभी ने प्रशंसा की। विभाग के उपनिदेशक व कला उत्सव के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ. गुरचरण ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अवार्डी अमित दत्त, फ्रीलांस आर्टिस्ट श्रीकांत कदम, ओडिशा के कलाकार मानस रंजन, एचपी यूनिवर्सिटी के प्रो. हिम चटर्जी, वाराणसी से राष्ट्रीय अवार्डी डॉ. सुनील विश्वकर्मा, गुरुग्राम से सुमित्रा अहलावत, आईजीएन ओपन यूनिवर्सिटी न्यू दिल्ली से डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, नवल किशोर, आईजी कॉलेज आगरा से डॉ. विजय धोरे व चंडीगढ़ से केयू एलुमनी डॉ. रविन्द्र सिंह ने धरोहर का अवलोकन किया उनके साथ प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. विवेक चावला, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. गुरचरण सिंह व शोधार्थी अनिल मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। कुवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करते भारत के प्रतिष्ठित कलाकार। फोटो : हरिभूमि

# युवक को ब्लेक मेल करने वाली महिला समेत दो पकड़े

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी निवासी युवक को कमरे पर बुलाकर नशीला पदार्थ पिला उसकी अश्लील वीडियो बना वारयल करने की धमकी देकर छीना झपटी व 58 लाख 55 हजार रुपए की जबरन वसूली करने मामले में सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गिरोह की महिला सहित दो आरोपियों मनीषा निवासी मुजफ्फरनगर यूपी हाल हरिसिंह कॉलोनी व कृष्ण निवासी घरौडा हाल हरिसिंह कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि युवक से उसकी अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर दोनों आरोपी करीब एक साल से जबरन वसूली कर रहे थे। 2 मई वीरवार को आरोपियों ने युवक को फोन कर धमकी दे और 15 हजार रुपए मांगे। युवक ने पैसो की फोटो खिचकर हरि नगर में उनके कमरे पर दे पैसे दे दिये। और पुलिस को इसकी शिकायत दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हरि नगर में कमरे पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 हजार रुपए बरामद किये। इधर, पुलिस मामले की जानकारी लेने को पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

- युवक का अश्लील वीडियो बना कर 58 लाख की वसूली कर चुके है आरोपी

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने एक घर में घुसकर एक महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने एक महिला के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक पर वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने का आरोप

**यमुनानगर।** युवती ने एक प्लाइवुड फैक्टरी में कार्य करने वाले युवक पर उसकी वीडियो को एडिटिंग कर इंस्टाग्राम पर अपलोड करके उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगया है।

यमुनानगर के थाना सदर के अंतर्गत गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिहार के जिला मोतिहारी के गांव बाजीपुर मनियापार निवासी सतीश नामक युवक दामला में स्थित प्लाइवुड फैक्टरी में नौकरी करता है। कुछ दिन पहले आरोपी सतीश ने उसके पास वीडियो काल की थी। इस वीडियो कॉल के दौरान हुई उनकी बातचीत को आरोपी ने एडिटिंग करवा लिया और उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया।

### ट्रेन से आईफोन व कैश चोरी

**पानीपत।** थाना जीआरपी पानीप त्को दी शिकायत में साउथ दिल्ली निवासी इंजीनियर किरण मित्तल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली तक का सफर कर थी। पानीपत आउटर पर पहुंचने के बाद ट्रेन काफी धीरे-धीरे चल रही थी। जब ट्रेन पानीपत रेलवे स्टेशन पहुंची, तो यहां उसने अपना बैग चेक किया। उस दौरान उसका हैंड बैग चोरी हुआ मिला। बैग में करीब एक लाख रूपये कीमत का आई फोन, 20 हजार कैश था। जीआरपी ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण से नकदी लूटी

**पानीपत।** सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में राकेश निवासी गांव मछरौली जिला पानीपत के साथ जीटी रोड पर संजय गांधी अस्पताल के सामने तीन बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट की और 10400 रुपए व बाइक लूट कर फरार हो गए। वहीं राकेश की शिकायत पर पुलिस ने तीन अज्ञात लुटेरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# चुनाव संपन्न करवाने में पोलिंग पार्टियां हैं महत्वपूर्ण कड़ीः सेतिया

**जिला परिषद के सीईओ पंकज सेतिया ने की प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान से संबंधित जानकारी देते हुए सीईओ पकंज सेतिया।

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद के सीईओ पंकज सेतिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने मौके पर पीओ व एपीओ को चुनाव संबंधित जानकारियां दी। सीईओ पंकज सेतिया ने कहा कि पीओ व एपीओ निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की धुरी हैं। मतदान के दौरान आने वाली ज्यादातर समस्याओं का हल पीओ व एपीओ अपने विवेक से कर सकते हैं। इसके लिए पीओ व एपीओ को प्रशिक्षण में बताई जाने वाली प्रत्येक सूचना एवं दिशा निर्देशों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को संपन्न करवाने के लिए पीओ एपीओ आदि पूरी पोलिंग पार्टी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इस टीम के प्रत्येक सदस्य को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पूरी जानकारी होनी जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पीओ व एपीओ की ट्रेनिंग करवाई गई। ताकि ट्रेनिंग के दौरान पीओ एपीओ के सभी सवालों एवं शंकाओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब तक पोलिंग पार्टी को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं होगी तब तक चुनाव के दौरान बाधा आने की संभावना बनी रहती है। निर्वाचन आयोग के नियमों में पीओ को ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव का आधार माना गया है। सेतिया ने कहा कि चुनाव कार्य में लगी पोलिंग पार्टियों के रहने व खाने आदि का प्रबंध जिला प्रशासन करेगा और किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। पोलिंग पार्टी केवल निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान की ओर ध्यान दें।

#### मतदान के दौरान जरूरी है पीओ की सक्रियता व सूझबूझ

सीईओ पकंज सेतिया ने कहा कि सभी पीओ मतदान केन्द्र परिसर के अंदर केवल मतदाताओं की पंक्ति के लिए पात्र नागरिकों को आने की अनुमति दें। वहां दूसरे लोगों या मतदान के बाद किसी भी प्रकार का झुंड न बनने दें। इससे पीओ को मतदान केन्द्र पर सुचारू वोटिंग में कोई परेशानी नहीं आएगी। कोई भी पात्र व्यक्ति जो उसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है वह पोलिंग एजेंट बन सकता है। मगर सरकारी कर्मचारी या अधिकारी और मानदेय प्राप्त कर रहा कोई भी नागरिक पोलिंग एजेंट नहीं बन सकता है। बालकुंज के पीओ दीपक कुमार मंथन ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, मलकीत सिंह, मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा, इंद्र राज, रघुबीर सिंह, सुरेन्द्र व उमेश खरबंदा और मास्टर ट्रेनर ईवीएम सुनील पंजेटों आदि मौजूद रहे।

#### मतदान केंद्र के भीतर नहीं जा सकता है ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी

सीईओ पंकज सेतिया ने कहा कि कोई भी ड्यूटी पर तैनात या वर्दी में पुलिसकर्मी मतदान केन्द्र के अंदर नहीं जा सकता है। ड्यूटी पर भेजे गए पुलिसकर्मी को भी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहना होता है। निर्वाचन आयोग के इन आदेशों की पालना करवाना पीओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीओ अपने विवेक के अनुसार परेशानी से निपटने के लिए पुलिसकर्मी को निर्धारित समय के लिए अंदर बुला सकता है। लेकिन समाधान के बाद उसे फिर बाहर जाना होगा।

---



यमुनानगर। गांव बापा के राजकीय स्कूल में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

## उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- कठिन परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा गत दिनों घोषित किए गए बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में गांव बापा के सरपंच परमजीत सिंह उर्फ पम्मा ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं सरपंच परमजीत सिंह उर्फ पम्मा ने कहा कि बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उनके गांव के बच्चों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

उन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह व नगद राशि भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उनमें छात्रा मुस्कान को 84 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, सोनम को 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने व सितारा को 83 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने कहा कि सीमित संसाधनों में छात्रों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। कठिन परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है। इस अवसर पर योगेश शर्मा, विवेक छाबड़ा, सुरेश वर्मा, रजनी देवी, प्रवीण कुमार, सतबीर, रीना रानी व राकेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

## भारतीय दंड संहिता में बदलाव

- जिला पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने कार्यशाला में भारतीय दंड संहिता में कानूनों में हुए बदलाव की विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालाय में आयोजित कार्यशाला में भारतीय दंड संहिता में किए गए बदलाव की जानकारी देते हुए एसपी गंगा राम पुनिया। फोटो: हरिभूमि


भारतीय दंड संहिता में बदलाव को लेकर जिला सचिवालय में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला से सभी डीएसपी, एसएचओ, स्टाफ इंचार्ज, जांच अधिकारी, साइबर सैल व महिला थाना प्रभारी आदि ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला न्यायवादी धर्मचंद ने की। मुख्यातिथि एवं जिला पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने बताया कि भारत में चल रही पुरानी भारतीय दंड संहिता में कानूनों में बदलाव किया गया है। नइन कानूनों को पहली जुलाई से लागू किया जाएगा। मौके पर उन्होंने कानून की पालना को मूल रूप देने वाले पुलिस अधिकारियों को भारतीय दंड संहिता में किए गए बदलाव की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला न्यायवादी धर्मचंद ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि सीआरपीसी के स्थान पर भारतीय दंड संहिता पहली जुलाई से लागू हो जाएगी। इसी तरह आईपीसी व गवाही को लेकर कानून बदलने जा रहा है।

---

## मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान

- मार्ग से होकर आए दिन गुजरते हैं हजारों वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जठलाना-गुमथला मार्ग की बनी हुई खस्ताहालत। फोटो: हरिभूमि

पिछले लंबे अर्से से यमुनानगर से वाया जठलाना-गुमथला मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा होने से लोग परेशान हैं। सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, सड़क पर बने गड्ढों में आए दिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहा है। मार्ग से रोजाना हजारों वाहन होकर गुजर रहे हैं। खास बात तो यह है कि क्षतिग्रस्त सड़क पर आए दिन कोई ना कोई हादसा होने का डर बना रहता है। क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क की मरम्मत की मांग करने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष है। क्षेत्रवासी दिलीप कुमार, सतीश कुमार, प्रदीप कुमार, मोहित कुमार, जगबीर सिंह, महिंद्र सिंह, सुखदेव सिंह व प्रदीप कुमार आदि ने बताया कि यमुनानगर के सहारनपुर मार्ग से वाया खजूरी से होकर जठलाना से गुमथला तक के करीब 20 किलोमीटर मार्ग पर दर्जनों गांव पड़ते हैं। इसके अलावा इस मार्ग से होकर वाहन करनाल समेत अन्य शहरों की ओर जाते हैं। आलम यह है कि मार्ग पर आए दिन बड़े-छोटे हजारों वाहन अपने गंतव्य पर जाते हैं। मगर सड़क पिछले करीब डेढ़ साल से क्षतिग्रस्त पड़ी है। उन्होंने बताया कि करीब छह वर्ष पहले सड़क की रिपेयर का काम किया गया था। मगर इसके बाद सड़क की रिपेयर नहीं की गई है। हालत ऐसी है कि अब सड़क पर केवल गड्ढे ही दिखाई देते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों का चलना भी मुश्किल हो गया है।

#### बारिश में झेलनी पड़ेगी लोगों को परेशानी

मार्ग पर चलने वाले लोगों का कहना है कि सड़क का अभी से यह हाल है तो आगे बारिश के मौसम में लोगों को बड़ी परेशानियां झेलनी पड़ेंगी। क्षेत्र के लोगों ने सड़क का नवीनीकरण करवाए जाने की मांग की है। उधर, पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया। मगर हर बार फोन नॉट रिचेबल आने से संपर्क नहीं हो सका।

---

## दविंद्र बने ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसो. के प्रधान

- ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। ग्रीन पार्क एसोसिएशन के सदस्य बैठक में भाग लेते हुए।

ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर की बैठक राज कुमार नैयर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दविंद्र मेहता को प्रधान व नरेश नागपाल को महासचिव चुना गया। बैठक में पूर्व प्रधान विमल चुग ने अपने कार्यकाल में हुई गतिविधियों की जानकारी दी। बाद में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारणी में दविन्द्र मेहता प्रधान, नरेश मेहता उप प्रधान, नरेश नागपाल महासचिव, स्वर्ण सिंह कांबोज सचिव, विमल चुग सह सचिव, ओम प्रकाश भाटिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा विनोद सेठी, सुभाष दत्ता, अशोक मक्कड़ व ममता वर्मा को कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया। मौके पर जगदीश मित्र दत्ता, सुरेंद्र आनंद, सुरिंदर वर्मा, सतपाल कक्कड़, हैप्पी ,बोबी वोहरा, ओम प्रकाश कपूर व जगमोहन डल आदि मौजूद रहे।

---

## मतदान करने का है हर मतदाता का अधिकार

- भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को मतदान के लिए जागरुक करते वक्ता।

शहर के भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसीपल किरण शर्मा ने किया। प्रिंसीपल किरण शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत सभी ने शपथ ली कि हम शत प्रतिशत मतदान करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रहित के लिए पहले मतदान बाद में जलपान करने का संकल्प लिया। प्रिंसीपल किरण शर्मा ने बताया कि बच्चे आने वाले समय का भविष्य हैं। जो अपने परिवार के सभी सदस्य व लोगों को राष्ट्रहित के लिए मतदान करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। क्योंकि यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है। उन्होंने बताया कि 18 साल की उम्र के हर व्यक्ति को अपना वोट डालने का अधिकार है। ताकि हम अपने लोकतंत्र की सरकार को चुन सकें। जिससे हम आर्थिक रूप से, सामाजिक रूप से व सांस्कृतिक रूप से अपनी विरासत को अच्छे रूप से बचा सकें और विश्व में उसकी गाथा गा सकें। इस अवसर पर समाज सेवी रमेश धारीवाल, समाजसेवी तरुण जैन, विपिन गर्ग, युक्ति शर्मा, जसमीत, रमनप्रीत, शारदा, भारती, रश्मि, उषा, सरोज, नीलम, रिया, चंचल, निशा, अंजू व नेहा आदि मौजूद थे।

---

## पीने की पानी की टंकियों को करवाएं साफः डॉ. सिंह

- जिला स्वास्थ्य विभाग ने जिला में की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



सीएमओ डॉ. मनदीप सिंह।

गर्मी के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य को मध्यनजर रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में एडवाइजरी जारी कर सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों में पीने के पानी की टंकियों को साफ करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। उक्त जानकारी सीएमओ डॉ. मनदीप सिंह ने दी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनदीप सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों में दूषित पानी सप्लाई होने से उल्टी दस्त होने की आशंका रहती है। इस संबंध में उन्होंने विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को जिला में लागू करवाने को लेकर विभागाध्यक्षों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आमजन से अपने कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर या उनके आस पास पीने के पानी की जो भी टंकियां रखी हुई हैं उन सभी को साफ करवाए जाने के लिए आहवान किया है।

---

### भूमि की उर्वरा शक्ति बचाए रखने के लिए गेहूं के न जलाएं अवशेषः कैप्टन

# अवशेष जलाने वालों पर सेटेलाइन से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। अपने कार्यालय में फसल के अवशेष जलाने वालों को आगाह करते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाए रखने के लिए किसान गेहूं के अवशेषों को ना जलाएं। क्योंकि गेहूं के अवशेष जलाने से जहां भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है, वहीं पर्यावरण प्रदूषित होता है। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि फसल अवशेषों को जलाने वालों पर प्रशासन द्वारा सेटेलाइट से निगरानी रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति अवेशष जलाता हुआ पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने किसानों को आहवान किया कि वह गेहूं की कटाई के बाद शेष बचे फसल अवशेषों को न जलाएं। फसल अवशेष जलाने से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है। वहीं जमीन की उर्वरा शक्ति भी घट जाती है। जिससे आगामी फसलों की पैदावार में भी कमी आती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों में आग लगाने से जमीन में कई तरह के कार्बनिक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। इससे जमीन का स्वास्थ्य खराब हो जाता है और मित्र कीट व सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं । जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षीण हो जाती है। इससे फसलों में बीमारियों के साथ साथ कीटों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। यही वजह है कि किसानों को रासायनिक कीटनाशकों व खाद पर अधिक खर्च करना पड़ता है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि इससे खेती से होने वाली आय कम होती है और पशुओं के लिए बनने वाला चारा भी व्यर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेष जलाने से ऊपरी भूमि का तापमान बढ़ जाता है। जिससे लाभकारी सूक्ष्म जीव व मित्र कीटों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और पैदावार में कमी भी आती है। इससे नजदीकी खेतों में आग लगने की आशंका भी बढ़ जाती है।

#### कानूनी कार्रवाई की जाएगी

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने वालों पर प्रशासन द्वारा सेटेलाइट से निगरानी रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति फसलों के अवशेषों को जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

---

## स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे व्यापक है आयुष्मान योजनाः शर्मा

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन में आयुष्मान योजना पर एक्सटेंशन लेक्चर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन (रादौर) में आयुष्मान योजना पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में पीडीपी डिपार्टमेंट के विशेषज्ञ दीपक शर्मा ने भाग लिया। मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने संस्थान के फार्मेसी, इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को आयुष्मान योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे व्यापक योजना है। यह योजना केन्द्रीय वित्त बजट 2018 में शुरू की गई थी। जिसके दो मुख्य स्तंभ थे। पहला देश में एक लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स स्थापित करना और दूसरा दस करोड़ परिवारों को पांच लाख रूपये प्रतिवर्ष के स्वास्थ्य बीमा कवर से जोड़ना था। जो भारतीय आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हैं।

आयुष्मान भारत योजना में समाज के कमजोर वर्ग के लगभग 10 करोड़ परिवारों को सालाना व पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की संपूर्ण प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। मौके पर संस्थान के चेयरमैन एवं सीए एसके जिंदल ने कार्यक्रम आयोजन करने के लिए स्टॉफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए इस प्रकार के लेक्चर्स आयोजित करवाता रहता है। ताकि विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सके।

## खबर संक्षेप



### गीता निकेतन में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** स्थानीय गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि यह प्रजातंत्र का महत्वपूर्ण अंग है। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक गतिविधियों जैसे प्रश्नमंच, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन तीनों वंदना स्थलों पर हुआ। छात्रावासी आर्यन ने विश्व पत्रकारिता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए।



### पत्रकारिता का कार्य बहुत जोखिम भरा : डा. मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** भारत में वैदिक काल से पत्रकारिता की स्वतंत्रता का एक समृद्ध इतिहास है। देवर्षि नारद दुनिया के प्रथम पत्रकार हैं, क्योंकि देवर्षि नारद ने इस लोक से उस लोक में परिक्रमा करते हुए संवादों के आदान प्रदान द्वारा पत्रकारिता का प्रारंभ किया। सम्पूर्ण विश्व में पत्रकार एवं पत्रकारिता अन्याय एवं पाखंड की पीठ पर चुनौती एक सशक्त चाबुक है। देवर्षि नारद इधर उधर घूमते हुए जो पाखंड देखते हैं उसे खंड-खंड करने के लिए लोकमंगल की दृष्टि से संवाद करते हैं।

### बाबा श्रवण नाथ विद्यालय का परीक्षाफल बेहतरीन

**पिहोवा।** श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के तत्वाधान में चल रहे बाबा श्रवण नाथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतरीन शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका से आए हुए महामंडलेश्वर स्वामी हरिशचंद्रपुरी महाराज और इंग्लैंड से आए हुए स्वामी शिवपुरी महाराज ने बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया ।

### डोर टू डोर जाकर वोट की अपील

**कुरुक्षेत्र।** खेड़ी मारकंडा में इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप और इनेलो थानेसर की पूरी टीम ने डोर टू डोर जाकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने की अपील की। नेता धर्मवीर कश्यप ने बताया कि महिला जिला अध्यक्षा तनुजा कुरुक्षेत्रा के नेतृत्व में लगातार कई दिनों से गांव में जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं और लोगों से यह अपील कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव वोटिंग के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में अभय सिंह चौटाला को भारी मतों से विजय बनाएं।

### धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस

**कुरुक्षेत्र।** अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 3 मई को अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस मनाया जाता है। एक लघु नाटिका के माध्यम से वायु हाऊस के बच्चों ने बताया कि साधनों का अत्यधिक प्रयोग करके हम प्राकृतिक संसाधन कम करते जा रहे हैं।

### केयू में प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग, प्लानिंग और मॉनिटरिंग सेल द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 को लेकर केयू एकेडमिक शाखा व परीक्षा शाखा के उप-कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, अधीक्षक, उप-अधीक्षक, सहायक, लिपिक, स्टैनों/एनईपी से सम्बन्धित कर्मचारियों के लिए आरके सदन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

---

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

# छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत व लगन से आगे बढ़ना चाहिए: सुधा

जय भारती विद्या मंदिर में आयोजित हुआ मेधावी छात्र सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक एवं हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने जय भारती विद्या मंदिर में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। राज्य मंत्री का स्कूल पहुंचने पर स्कूल की मैनेजमेंट, अध्यापकों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने स्कूल में पहुंचने पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। विद्यालय के निदेशक ओम गोपाल शर्मा ने सुभाष सुधा के जीवन पर प्रकाश डाला। सुभाष सुधा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा विद्यालय मैनेजमेंट व गुरुजनों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां दी। उन्होंने अपनी यादों को बच्चों से साझा करते हुए बच्चों को कहा कि व्यक्ति को अपना लक्ष्य सामने रखकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। अंत में व्यक्ति को उसकी मंजिल मिल ही जाती है जिस प्रकार वह आज मंत्री बनने में कामयाब हुए और जनसेवा का जो व्रत उन्होंने लिया था उसके योग्य बन सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने भावपूर्ण आतिथ्य के लिए विद्यालय की प्राचार्या नेहा शर्मा, डायरेक्टर ओम गोपाल शर्मा,पूर्व प्राचार्या श्रीमती सरला शर्मा, मैनेजमेंट के सभी सदस्यों तथा सभी गुरुजनों के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पार्षद रेखा शर्मा, प्रोफेसर वी पी कौशिक, एफएस सैनी , नवयुग सी. सै. स्कूल के डायरेक्टर बीडी गाबा, एमसी कुशवाहा, दर्शन पुरी, रणधीर वालिया, शाम गोपाल शर्मा, रवि घई, तरुण शर्मा, गौरव शर्मा, वैभव शर्मा, रजनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान राजेंद्र जुनेजा तथा पूर्व प्रधान सौरभ दत्त शर्मा एवं प्रसिद्ध ज्योतिषी राम राज कौशिक की गरिमापुर उपस्थिति के लिए विद्यालय मैनेजमेंट ने उनका तहे दिल से धन्यवाद किया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव में सभी मेहमानों व सराहनीय कार्य के लिए गुरुजनों का धन्यवाद किया।



कुरुक्षेत्र। मेधावी छात्रों को सम्मानित करते राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

### पलक ने अखिल भारतीय स्तर पर पाया प्रथम स्थान




छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष छात्र निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष भी छात्र निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता सत्र 2023-24 में छात्रों की निबंध लेखन प्रतियोगिता में 51 विद्यालयों के 2981 विद्यार्थियों की प्रतिभागिता हुई। उसके मूल्यांकन के पश्चात शिशु वर्ग में गीता निकेतन विद्या मंदिर मोहन नगर, कुरुक्षेत्र की पांचवी कक्षा की छात्रा पलक सुपुत्री कमल सैनी ने शिशु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांत स्तर पर चयनित प्रथम पांच निबंध में से अखिल भारतीय स्तर पर भी निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ।



कुरुक्षेत्र। छात्राओं को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### मेरिट प्राप्त करनी वाले छात्राओं को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी महाराज के प्रकाशोत्सव अवसर पर निशुल्क दंत चैक-अप शिविर व मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि न्यूयार्क से पधारे पूज्यपाद महामंडलेश्वर 1008 स्वामी हरीशचंद्र पुरी महाराज, षडदर्शन साधु समाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज व महेश मुनि महाराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी महाराज ने की। राठोर ने बताया कि इस बार भी बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। गुनगुन, महक व नवजोत कौर को क्रमशः प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने पर उपहार देकर सम्मानित किया गया। मैरिट में स्थान प्राप्त अन्य 26 बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली शिक्षिकाओं का भी सम्मान हुआ। इस अवसर पर स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी, स्थाणु सेवा मंडल के प्रधान विनोद अरोड़ा व सदस्य,स्थाणिश्वर मंदिर व स्थाणिश्वर सेवा दल के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

---

# बैंक कैशियर ने ग्राहक के 50 हजार लौटा दिखाई ईमानदारी



तरावड़ी। बैंक ग्राहक के साथ यूनियन बैंक का कैशियर विक्रम पाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

यूनियन बैंक आफ इंडिया में सुबह एक उपभोक्ता पेमेंट जमा करवाते समय गलती से 50 हजार रुपये ज्यादा जमा करवा गया और उसे अपनी गलती का अहसास तब हुआ जब शाम के समय बैंक के कैशियर ने उपभोक्ता को फोन कर शाखा में बुलाया और उसके 50 हजार रुपये वापिस किए। ईमानदारी के लिए उपभोक्ता ने कैशियर का धन्यवाद किया और सभी शाखा कर्मचारियों का मुंह मीठा करवाया। तरावड़ी के व्यापारी लोकेश जो लक्ष्मी नमकीन फर्म के मालिक है उन्होंने सुबह बैंक में साढे चार लाख रुपये की राशि जमा करवा दी जबकि फार्म पर गिनती चार लाख भरी हुई थी। कैशियर विक्रम पाल ने उस समय तो ज्यादा पैसा अपने पास रख लिया, लेकिन जब छुट्टी के समय तक लोकेश की तरफ से कोई मांग नही हुई तो विक्रम पाल ने उन्हें फोन कर शाखा में बुलाया और ज्यादा आए 50 हजार रुपये वापिस लौटा दिए। लोकेश ने विक्रम पाल का धन्यवाद किया और बताया कि उन्हें नही मालूम था कि वह बैंक में ज्यादा पैस जमा करवा आए है। उन्हें तो बैंक में बुलाकर विक्रम पाल ने जानकारी के साथ पैसे वापिस लौटा दिए।

### कैंप में दिव्यांगों को बांटे कृत्रिम अंग

**करनाल।** मानव सेवा संघ में दिव्यांग व्यक्तियों को आर्टिफिशियल अंग बांटने के लिए चार दिनों तक विशेष कैंप लगाया गया। महावीर सेवा सदन व हरिओम स्माइल के तत्वावधान में आयोजित इस कैंप में दिव्यांगजनों को आर्टिफिशियल अंगों का वितरण निशुल्क किया गया। लगभग 100 दिव्यांगों ने कैंप का लाभ उठाया। खास बात यह रही कि महावीर सेवा सदन कोलकाता से आए कारीगरों ने मौके पर ही मशीनों से इन कृत्रिम अंगों का निर्माण किया। विकलांग अधिकार कल्याण समिति ने इस नेक कार्य में सहयोग किया। मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए यह बहुत बड़ा अवसर रहा। उन्हें अपने शहर में अपनी जरूरत के मुताबिक सही साइज में अंग मिलना किसी तोहफे से कम नहीं है। मानव सेवा संघ नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है।

---

### केयू यूनिवर्सिटी में एनईपी को लेकर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का उद्घाटन कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 9 बजकर 30 मिनट पर होगा तथा कार्यक्रम के पांच सत्र होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आर्मी पब्लिक स्कूल, अम्बाला की वाइस प्रिंसिपल डॉ. गोशा लिबरहान व ग्लोबल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, यमुनानगर की प्रिंसिपल पूजा काम्बोज बतौर रिसोर्स पर्सन अपना वक्तव्य देंगे। वाइस चेयरपर्सन डॉ. सुनीता दलाल सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद होंगे।

# शिरोमणि अकाली दल ने इनेलो को दिया समर्थन

- सरदार हरभजन सिंह मसाना ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सिख पंथ के प्रमुख राजनीतिक दल शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने चौधरी अभय सिंह चौटाला के 2024 चुनाव के नामांकन में शामिल होकर इनलो पार्टी को अपना समर्थन दिया है। नामांकन के बाद सुखबीर सिंह बादल अध्यक्ष शिरोमणि अकाली दल विशेषकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. हरभजन सिंह मसाना के कुरूक्षेत्र आवास पर पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. रघुजीत सिंह विरक, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कायमपुर, सीनियर अमरजीत सिंह मंगी पूर्व चेयरमैन पंजाब सरकार और वरिष्ठ सदस्य शिरोमणि कमेटी, धर्म प्रचार कमेटी के सदस्य तेजिंदरपाल सिंह ढिल्लो, सिख मिशन हरियाणा के प्रभारी सुखविंदर सिंह, चेयरमैन हरदीप सिंह लागर, सुखजिंदर सिंह मसाना, परमजीत सिंह दुनिया माजरा, जरनैल सिंह बोधी जिला अध्यक्ष और अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोबाइल छात्रों का सबसे बड़ा है दुश्मनः पुनित

**कुरुक्षेत्र।** मोबाइल छात्रों का सबसे बड़ा दुश्मन है इसलिए छात्रों को पढ़ते समय मोबाइल से दूर रहना चाहिए। यह विचार स्कूल के पूर्व छात्र, अंबाला नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर पुनीत जांगड़ा ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में छात्रों से अपने सफलता के अनुभव साझा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहिए। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल व प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने स्कूल के पूर्व छात्र पुनित जांगडा, केयू पर्यटन विभाग के सहायक प्रोफेसर अमित, अन्तर्राष्ट्रीय सैफ सुमित का स्वागत किया।

# हेल्थ कैंप में बच्चों के दांतों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बच्चों के दांतों का चेकअप करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के द्वारा फ्री डेंटल चेकअप कैंप महंत प्रभातपुरी कन्या विद्यालय में लगाया गया। इसमें डॉ. दीपक अग्रवाल, डा. आरूषि पराशर, डा. सेजल वधवा व डॉ. तान्या कक्कड़ के द्वारा 450 बच्चों के दांतों की जांच की गई और फ्री टुथपेस्ट, टुथब्रश और पेनकिलर्स दिए गए। बच्चों को मीठा कम खाने की हिदायत दी गई और खाना खाने के बाद मुंह करने को कहा गया। साथ में 2 बार ब्रश सुबह और रात को करने की सलाह दी गई। बच्चों व स्टॉफ को दांतों की देखभाल, उचित ब्रश, खान पान व दांतों की बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। डा. दीपक अग्रवाल ने कहा कि छोटे बच्चों को दांतों की सुरक्षा की ज्यादा जरूरत होती है और बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं संभाले ताकि बच्चों के दांतों की बीमारियों की प्रारंभिक स्तर पर ही रोकथाम हो सके। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के दांतों की सही देखभाल न होने के कारण उसमें दांत खराब होने के साथ-साथ मसूड़ों में गलन पैदा होने की समस्या होने लगती है। उन्होंने कहा कि यदि छोटे बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों के दांतों की सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तो छोटे बच्चों में ऐसी बीमारियों को समय पर ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के दांतों की नियमित जांच करवानी चाहिए।

---



### विद्यार्थियों, शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

कुरुक्षेत्र। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध 4 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 4 विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, माली, बस चालकों और परिचालकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या मोनिका भाटिया की अध्यक्षता और उपस्थिति में ये कार्यक्रम हुए। सभी सत्रों में प्राचार्या मोनिका भाटिया उपस्थित रही और पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्राचार्या मोनिका भाटिया का आभार व्यक्ति करते हुए कहा कि प्रत्येक सामाजिक कार्यक्रमों में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि न केवल प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए क्षति कारक है अपितु मनुष्य के जीवन को समाप्त करके ही पूरा होता है। नशे पर विस्तार पूर्वक जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारी संतान नशे से दूर रहे तो सबसे पहले स्वयं नशे से दूर रहें।

# भागवत में बताया जीवन का उद्देश्य

- मानव जीवन प्राप्त करना अत्यंत ही दुर्लभ : अनिल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन सैक्टर-8 के पार्क में कथा के प्रथम दिवस में समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया कि मानव जीवन प्राप्त करना अत्यंत ही दुर्लभ है मानव जोनी प्राप्त करने के लिए जीव भगवान से कोटि-कोटि प्रार्थना किया तब मनुष्य को भगवान की कृपा के फल स्वरूप मानव जोनी प्राप्त हुआ है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भक्ति देवी एवं उनके दो पुत्रों की चर्चा ज्ञान वैराग्य की गई है। भक्ति देवी द्रविड़ देश में प्रकट हुई कर्नाटक में वृद्धि को प्राप्त की तथा गुजरात में वृद्धावस्था को प्राप्त कर गई, किंतु भगवत कृपा से जब वृंदावन में प्रवेश की तो भक्ति महारानी पुनः नवीन हो गई अर्थात पूर्व के समान हो गई थी किंतु भक्ति महारानी वृंदावन में प्रवेश की तो बहुत चिंतित हुई अपने दोनों पुत्रों को ज्ञान एवं वैराग्य को देखकर उन तीनों के जीवन में बहुत ही बदलाव देखने को मिला।




### नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती मनाई

**थानेसर।** कपूरथला रियासत के संस्थापक व महान सिख योद्धा नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की 306वीं जयंती पर स्थानीय अहलूवालिया चौक पर मनाई गई। इस अवसर पर अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया, उप प्रधान अशोक रोशा, प्रदीप रोशा, के पी वालिया, यशपाल वालिया, प्रवीण वालिया, रणधीर वालिया, प्रदीप वालिया, महिपाल वालिया, सुरेन्द्र वालिया,अनिल वालिया, वीरेन्द्र वालिया, देवेन्द्र वालिया, तरुण वालिया, अनिरुद्ध वालिया, अश्विन वालिया,सौरभ वालिया, अनुज वालिया, हितेश वालिया, माधव वालिया, राधव वालिया आदि ने आहलूवालिया चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने बताया कि सिख फेडरेशन के सर्वोच्च कमांडर नवाब जस्सा सिंह का जन्म 3 मई 1718 को पाकिस्तान में लाहौर में आहलू गांव में हुआ था। वर्ष 1753 में उन्होंने 2200 युवा हिंदू लड़कियों को अहमद शाह अब्दाली के चंगुल से मुक्त करवाया था।

---

### निफा को राष्ट्रपति मुर्मू का मिला आशीर्वाद

करनालसामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी एक विशेष व अलग पहचान बना चुकी संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल से दिल्ली में शुरू होगी। आज संस्था के डेलीगेशन को देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निफा द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने उन्हें भारत की कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वृहद् प्रयास करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने लिंग समानता व लड़कियों के सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा की व बताया कि आदिवासी समाज में लड़कियों के जन्म को शुभ माना जाता है व उनके जन्म पर ख़ुशी मनाई जाती है(

### पांचवें दिन चार ने किया नामांकन

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के पांचवे दिन 4 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है, इन नामांकन पत्रों में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विक्रम सिंह, जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी पाला राम, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी इंद्रजीत कंबोज व आजाद उम्मीदवार वरुण गुप्ता ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से शुक्रवार तक 26 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी विक्रम सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विक्रम सिंह ने एमएचवीपी मुंबई से 1998 बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की है और अंबाला आईटीआई से 2001 में हिन्दी स्टेनोग्राफी का कोर्स किया है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी विक्रम सिंह के पास 23586 रुपए की चल संपत्ति है। आजाद उम्मीदवार वरुण गुप्ता ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आजाद उम्मीदवार वरुण गुप्ता ने अपने शपथ पत्र में अपनी शैक्षणिक योग्यता बीकॉम (एफटी) दर्शाई है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर जारी किए निर्देश

# वोट करने के बाद सेल्फी करनी होगी अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए सीईओहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।

### चुनाव रैलियों में स्कूल व कॉलेजों के मैदानों का नहीं किया जा सकेगा इस्तेमाल : शांतनु



**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि चुनाव रैलियों के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्कूल व कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने की चुनाव आयोग से अनुमति नहीं होगी। हरियाणा व पंजाब को छोडकर अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से खेल मैदान उपयोग किया जा सकेगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इस मुद्दे पर व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रचार के दौरान उच्च मानदंडों का बनाए रखना होगा। संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अ) के तहत भारत के नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है, परंतु आदर्श चुनाव आचार संहिता का उद्देश्य इसके विभिन्न प्रावधानों के तहत निहित है। चुनाव प्रचार के दौरान किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य धार्मिक का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और न ही इनमें भाषण, पोस्टर, संगीत, चुनाव से संबंधित सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा कर्मियों के फोटो या विज्ञापनों में रक्षा कर्मियों के कार्यक्रमों के फोटो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। स्टार प्रचारकों को भी चुनाव आचार संहिता की पालना करनी होगी।

**खबर संक्षेप**

### गांव तलहेड़ी से युवती लापता

**बराड़ा।** गांव तलहेड़ी रांगडान से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लडक़ी 12 वीं तक पढ़ी है। वह कंप्यूटर सेंटर में जाती थी। 30 अप्रैल को वह प्रतिदिन की भांति सुबह घर से सेंटर में जाने के लिए निकली लेकिन वहां नहीं पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सूने पड़े घर से गहने व एलईडी चोरी

**बराड़ा।** निंरकारी भवन के पास राजन कॉलोनी में एक घर में चोरी हो गई। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह बीती 1 मई को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे अपने पड़ोसी इंद्रजीत के पिता के संस्कार में गई थी। वह लगभग अढ़ाई बजे घर में वापिस आई तो देखा कि घर की कूंडी टूटी हुई है, अंदर जाकर देखा तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के सारे दरवाजे खुले थे व कपड़े बिखरे पड़े थे। अलमारी से सोने की चैन, सोने की अंगूठी और 15 हजार रूपये नगद गायब मिले। घर की लॉबी में लगी 43' इंची एलईडी भी चोरी हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज और कल सात घंटे बंद रहेगा पिंडारा पावर हाउस

**जींद।** पिंडारा फीडर शनिवार और रविवार को सुबह नौ से सायं चार बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान मुरम्मत के काम किए जाएंगे। अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल ने बताया कि पिंडारा पावर हाउस से जुड़े 11केवी खरकरामजी, सिविल अस्पताल, एमबीएन, कोर्ट रोड, अर्बन एस्टेट, लुदाना, मांडो, पिंडारा, अशरफगढ़, सिंध्वीखेड़ा, रधाना फीडरों की पावर सप्लाई बंद रहेगी।

### 15 पूर्व सैनिकों की मासिक मीटिंग 5 मई को होगी

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की मई मास की मासिक मीटिंग 5 मई को प्रातः 9:00 बजे स्थान हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में होगी। एसोसिएशन के प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया कि इस मीटिंग का हमारा एजेंडा कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में शहिद सेवा दल हरियाणा द्वारा कारगिल तिरंगा रथ यात्रा जो 10 मई 2024 को सिरसा से चलकर हरियाणा के कारगिल शहीदों के गांव दर गांव में शहीदो को श्रद्धांजलि देते हुए 26 जुलाई 2024 को कारगिल पहुंचकर कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि देंगे।

### रेलवे लाइन के निकट मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जींद।** भिवानी रोड तथा रोहतक रोड के बीच फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया है। मृतक की पहचान न हो पाने के चलते शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। मृतक की कलाई पर अंग्रेजी में आरके लिखा हुआ है। राजकीय रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीरवार रात को पुलिस को सचूना मिली कि भिवानी रोड से रोहतक रोड के बीच फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।


सांझे प्रतिनिधिमंडल की ओर से चेयरपर्सन के साथ नपा सचिव व ठेकेदार को दिया ज्ञापन

# 70 दिन के बकाया वेतन को लेकर सफाई कर्मचारियों ने फिर बढ़ाया दबाव

नपा चेयरपर्सन को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

घरों से कूड़ा उठाने वाले सफाई कर्मचारियों के 70 दिन के बकाया वेतन व अन्य मांगों को लेकर सीआईटीयू व कर्मचारी संघ ने चेयरपर्सन व नपा सचिव को ज्ञापन दिया। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीआईटीयू) व नगरपालिका कर्मचारी संघ के सांझे प्रतिनिधिमंडल में शामिल रमेश नन्हेड़ा ,सतीश सेठी, मंगा व धर्मवीर ने कहा कि भाजपा समर्थित नगरपालिका चेयरपर्सन ने घरों से कूड़ा उठाने का टेंडर 13 सितंबर 2023 को खत्म होने के बाद कर्मियों को 14 सितंबर 23 को वेतन देने की लिखित गारंटी देकर काम करवाया था। परंतु सात महीने बीत जाने पर भी अब तक भुगतान नहीं किया गया। इससे साफ है कि गारंटियों के नाम पर केवल जुमलेबाजी की जा रही है। दलित वर्ग के सफाई कर्मचारियों से काम लेकर वेतन न देना गैर कानूनी है। इसलिए सीआईटीयू मांग करता है कि बकाया वेतन का भुगतान जल्द किया जाए वरना लोकसभा चुनावों में भाजपा समेत सभी पार्टियों के उम्मीदवारों से न्याय की अपील की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने चेयरपर्सन के नाम ज्ञापन उनके कार्यलय में सदस्य ओम प्रकाश को सौंपते हुए कहा कि सफाई कर्मियों ने टेंडर खत्म होने के बाद चेयरपर्सन की लिखित गारंटी पर कुल 70 दिन काम किया था। इस पर सदस्य ने भरोसा दिया कि वह इस बारे में ही बात करेंगे। इसी प्रकार गार्बेज कोलेक्शन के ठेकेदार जिंदल कुमार के सुपरवाइजर संजीव कुमार को सौंपे ज्ञापन में वेतन बढ़ोतरी करने, ईएसआई कार्ड जारी करने, राजपत्रित अवकाश देने, वर्दी तथा साबुन व तेल देने, बेगार प्रथा पर रोक लगाने तथा गैर कानूनी रूप से वेतन कटौती बंद करने की मांग की। इस पर सुपरवाईजर ने कहा कि वह अभी मांग पत्र को ठेकेदार को भेज रहे हैं। नपा सचिव ने भी कर्मियों को आश्वस्त किया कि कूड़ा उठाने वाले कर्मियों को वर्दी देने बारे कार्यलय द्वारा ठेकेदार को पहले भी लिखा था। फिर आदेश जारी कर दिए जाएंगे। पालना न होने पर जुर्माना लगाया जाएगा। ईएसआई कार्ड तुरन्त जारी करने बारे मौका पर ही फोन पर ठेकेदार को निर्देश दिए गए। इसके अलावा वेतन बढ़ोतरी बारे ठेकेदार से स्पष्टीकरण लेकर मामला श्रम विभाग को भेजने का आश्वासन दिया।



नारायणगढ़। ज्ञापन सौंपते सीटू नेता व सफाई कर्मी।



अंबाला। नामांकन पत्र दाखिल करती जजपा उम्मीदवार डॉ. किरण पूनिया साथ में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

## छह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र किए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में जननायक जनता पार्टी से डॉ. किरण पूनिया, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह, हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार व निर्दलीय मामचंद ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों ने सविंधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। जजपा प्रत्याशी डॉ. किरण पूनिया ने नामांकन पत्र के साथ जमा करवाए शपथपत्र अपने चल-अचल संपत्ति का जिक्र किया। वर्ष 2022-23 में इनकम टैक्स रिर्टन में अपनी आमदनी 28,66,590 बताई है। उनके पास चल संपत्ति 76,98,581.67 रुपये तथा अचल संपत्ति 71,29,923.67 रूपये है। उन्होंने अपना रिहायशी पता मकान नंबर 75, सैक्टर-17, पंचकूला बताया है। उनकी शैक्षणिक योग्यता डॉक्टर ऑफ फिलोसफी है।

### 12 प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन पत्र दाखिल

अंबाला। अंबाला लोकसभा सीट के लिए अब तक 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी से बंतो देवी कटारिया, कांग्रेस पार्टी से वरूण चौधरी, इनेलो से गुरप्रीत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, जेजेपी से किरण पुनिया, हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार, पीपूल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेसी) से गुलाब सिंह नरवाल, एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया व निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मामचंद व मोहर सिंह भी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए है। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई सांय 3 बजे तक है। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी। नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है। 4 जून को मतों की गणना होगी। खर्चों पर नजर रखने के लिए चेतराम मीणा आईआरएस को खर्चा ऑब्जर्वर लगाया लगाया है।

## हरियाणवी आर्केस्ट्रा का छात्रों ने दूरदर्शन पर किया शानदार प्रदर्शन

- गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से सभी छात्रों का किया गया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सांस्कृतिक समिति के छात्रों ने दूरदर्शन पर शानदार हरियाणवी आर्केस्ट्रा प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस प्रस्तुति द्वारा छात्रों ने अपनी उच्च स्तरीय कला का प्रदर्शन कर प्रशिक्षकीय दक्षता का परिचय दिया है ।

प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने सभी प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।साथ ही उन्होंने संगीत वादन विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल पूनिया को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि दूरदर्शन एक सार्वजनिक मंच पर छात्रों को शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है। निश्चित तौर पर लोगों में कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है। संगीत की विरासत को बचाने और प्रसारित करने का काम होता है। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्ट प्रस्तुति से छात्रों में आत्मविश्वास तो बढ़ेगा ही साथ ही उनकी कलात्मक दक्षता मे और अधिक निखार आएगा।



अंबाला। दूरदर्शन पर शानदार आर्केस्ट्रा प्रस्तुत करने वाले छात्र।

## 65 कर्मचारियों ने किया रक्तदान, मंडल कमिश्नर बोली रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान हैं। रक्तदान करके हम अमूल्य जिदंगियों को बचा सकते हैं। यह बात मंडलायुक्त रेनू एस फुलिया ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने स्वैच्छा से रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को बैज व प्रशंसा पत्र देकर उनको प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर ओएसडी डॉ. प्रगति के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें। फूलिया ने बताया कि इससे पहले भी पिछले वर्ष मंडलायुक्त कार्यालय में इस प्रकार के रक्तदान शिविरका आयोजन किया गया था। मंडलायुक्त कार्यालय के साथ-साथ कैंप कार्यालय व अन्य कर्मचारियों ने ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के साथ-साथ अन्य ने शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया है रक्तदान महादान हैं। रक्त की एक-एक यूनिट कई अमूल्यों की जीवनों को बचाती हैं। रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने आगे आकर सामाजिक भावना का भी संदेश दिया हैं। अधिकतर कर्मचारियों ने रक्तदान करके दूसरों को भी प्रेरणा देने का काम किया हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया। शिविर में करीब 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर जिला संरक्षण अधिकारी-कम-बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविंद्रजीत कौर, मंडलायुक्त कार्यालय से अधीक्षक दिवाकर कौशिक, एडीए समता के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



अंबाला। रक्तदान करने वाले कर्मियों को बैज लगाती मंडल कमिश्नर रेणू एस फूलिया।

## जस्टिस प्रीतम पाल ने नैतिक शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

- शिक्षकों के साथ अभिभावकों व बच्चों को भी अच्छा इंसान बनने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

आर्य युवा समाज के तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल में ₹नवचेतना₹ आभासी कार्यक्रम संपन्न हुआ। दिल्ली से आर्य युवा समाज के यशस्वी प्रधान योगी सूरी व डीएवी मैनेजिंग कमेटी के उप प्रधान जस्टिस प्रीतम पाल ने अध्यापकों ,अभिभावकों व बच्चों को नैतिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया व अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। सभी को समय पर काम संपन्न करने की शिक्षा प्रदान की। स्कूल की प्राचार्या सुनीता कपूर ने स्कूल की उपलब्धियो को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कृष्णा देवी व पुष्पा चौहान ने ईश्वर स्तुति भजनों द्वारा मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. विवेक कोहली के दिशा निर्देशन में प्राचार्य डॉ नीरज ऋषि , सविता व सिंपल ने ईश्वर के गुणों की व्याख्या वैदिक परिपेक्ष्य में विस्तार पूर्वक की । स्कूल के प्रबंधक डॉ सूरी ने वैदिक भजन प्रस्तुत किया । एआरओ डॉ. विकास कोहली ने सभी का धन्यवाद किया । अभिभावक अनूप शर्मा व संदीप भाटिया ने स्कूल के प्रति अपने उद्गार प्रस्तुत किए।

## पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

- नोटा की बजाय अच्छे उम्मीदवार को वोट देने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आर्य गर्ल्ज कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनीता गोदारा ने बताया कि सबसे पहले हमें वोट बनवाना चाहिए, मतदान का प्रयोग जरूर करना चाहिए एवं नोटा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जो भी चुनाव में खड़े हैं उनमें से ही सबसे उत्तम व श्रेष्ठ जो आपके लिए और राष्ट्रहित में निस्वार्थ भाव से आपके मुद्दों को समझते हुए खरे उतरे उनको मतदान दें और मतदान देने के लिए समाज में अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। डॉ. अनु वर्मा ने पोस्टर बनवाकर सभी स्वयंसेविकाओं को अपने-अपने घरों एवं समाज में आस-पास घर-घर जाकर मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। लगभग 100 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।



अंबाला। पोस्टर के जरिए मतदान को लेकर जागरुक करती छात्राएं।



बराड़ा। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालो को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में कक्षा 12 वीं के रिजल्ट परिणाम को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच रोहतास राणा द्वारा की गई। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल मनभावनी भल्ला द्वारा मुख्यातिथि व अन्य मेहमानों का स्वागत किया गया। प्रिंसिपल ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों दिशा, दीक्षा व मुस्कान को मिठाई खिलाई व इनाम राशि देकर सम्मानित किया।



नारायणगढ़। एसडीएम सहायक को ज्ञापन सौंपते डेहा बस्ती के नागरिक।

## डेहा बस्ती के लोगों ने किया प्रदर्शन बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने का आग्रह

**नारायणगढ़।** वार्ड नंबर 14 मिल्क प्लांट के पीछे सदियों से रह रहे डेहा समाज के लोगों ने बुनियादी सुविधाओं के लिए शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान उप मंडल अधिकारी बिजली, पानी, सफाई, पक्की गलियों बनाने ओर अपनी बस्ती में आने - जाने के लिए रास्ता की सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। डेहा कल्याण सभा के अध्यक्ष दिलदार सिंह ने कहा कि हर चुनाव में चाहे वह स्थानीय निकाय का हो, विधानसभा का या फिर लोकसभा का चुनाव के दौरान हर राजनैतिक दलों के लोग हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं। चुनाव जीतने के बाद यह लोग हमारी तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। देश में चुनाव का माहौल है। अब हमारा इन राजनैतिक दल के लोगों पर से विश्वास उठ गया है। इसलिए वे प्रशासन के जरिए अब अपनी समस्याओं का समाधान करवाना चाहते हैं। दिलदार सिंह ने कहा यदि हमारी समस्याएं का समाधान नहीं हुआ तो हम स्थानीय उप मंडल अधिकारी के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे।

पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# श्रीराम व कृष्ण हमारे पथ प्रदर्शक, हमारे लिए लाइट हाउस का काम करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि ''जो लोग कहते हैं कि श्रीराम और श्रीकृष्ण काल्पनिक है उनका जवाब दिया जाने वाला है। यही हमारे पथ प्रदर्शक हैं, यह हमें रास्ता दिखाते हैं और यह हमारे लाइट हाउस है।

विज शुक्रवार को यहां श्री बांके बिहारी मंदिर गोविंद नगर में चल रही 50वें स्वर्णिम वार्षिक उत्सव श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी यहां आए हैं और इन्होंने बहुत ही अच्छे ढंग से वर्णन किया है। इस नगर का प्रतिनिधि होने के नाते मैं आप सब की ओर से और अपने नगर के सभी नागरिकों की तरफ से भी आचार्य के चरणों में नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण के साथ बचपन में खेले थे। जब सुदामा के श्रीकृष्ण से द्वारकाधीश में मिलने के लिए गए तो सुदामा के मन में बहुत सारे विचारों का मिश्रण चल रहा है।

वे सोच रहे थे कि अभी पता नहीं यह राजा है मुझे पहचानेंगे या नहीं अर्थात उनके मन में ज्वार भाटा चल रहा होता है परंतु जब दोनों का मिलन होता है तो आंखों से अश्रु की अविरल धारा बहती है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जी कैसे अपने मित्र को गले लगाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हर वर्ष यहां आने का आप लोग मौका प्रदान करते हैं। मुझे बहुत अच्छा लगता है कि सनातन संस्कृति के वाहक श्री कृष्ण और श्री राम के जीवन के दृष्टांत यहां पर सुनाए जाते हैं। जो जीवन को सार्थक करने के लिए बहुत ही प्रेरणादायक होता है। श्री कृष्ण ने तो सभी प्रकार के रास्ते अर्थात भक्ति योग, ज्ञान योग इत्यादि सभी रास्ते बताएं हैं।

विज ने कहा कि हमारी बहुत पुरानी सभ्यता और संस्कृति है। विश्व में सनातन का अर्थ ही होता है कि सबसे पुराना। यह हमारी संस्कृति है और हम अंधेरे में भटक नहीं रहे हैं यह हमारे पथ प्रदर्षक है। विज ने गीता के संदेष का जिक्र करते हुए कहा कि श्री भागवत गीता जी में जो उपदेश दिया गया उसमें श्री कृष्ण ने कहा कि जब जिंदगी में किसी दोराहे पर अर्थात पता न लगे कि तुझे कहां जाना है ठीक रास्ता कौन सा है, गलत रास्ता कौन सा है सुगम रास्ता कौन सा है, कठिन रास्ता कौन सा है। उन्होंने कहा कि मैं यहां की मैनेजमेंट को बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं और यह संस्थाएं बहुत बड़ा काम कर रही हैं। यह हमारी संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब से हमने होश संभाला है। यही गीत और यही कथाएं हमें सुनाई जाती और हमारी दादी व मां भी यही गीत और कथाएं सुनाया करती थी और इनको सुन सुन कर ही हमारा यह समाज बना है।



अंबाला। कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अनिल विज।